अमर उजाला 12-09-2023

धीमी साइकिलिंग प्रतियोगिता में काजल प्रथम

अंबाला। कैंट के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के मैदान में शारीरिक शिक्षा विभाग और सतत विकास लक्ष्य क्लब की ओर से धीमी साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के नेतृत्व और शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर बृजेश कुमार की अगुवाई में प्रतियोगिता करवाई गई। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बदलती जीवन-शैली में स्वस्थ रहने के लिए शारीरिक श्रम जरूरी है। तय दूरी को सर्वाधिक समय में तय कर बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा काजल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा निधि द्वितीय रही और बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कीर्ति तृतीय रही। वहीं बीए प्रथम वर्ष के छात्र अर्पित प्रथम, बलजिंद्र द्वितीय और बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र हार्दिक तृतीय रहे। संवाद